झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

नौवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा, 2017 का परीक्षा कार्यक्रम

विज्ञप्ति संख्या - 07/2017

एतद् द्वारा झारखण्ड राज्य के सभी राजकीय, राजकीयकृत, प्रोजेक्ट, अल्पसंख्यक विद्यालय एवं स्थापना अनुमति प्राप्त विद्यालय के नौवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, विद्यालय प्रधानों एवं संबंधित पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि नौवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा, 2017 निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार संबंधित विद्यालयों में सम्पन्न होगी:-

तिथि एवं दिन	प्रथम पाली 9.30 बजे पूर्वाह्न से 12.45 बजे अपराह्न तक	द्वितीय पाली 2.00 बजे अपराह्न से 5.15 बजे अपराह्न तक
24.03.2017(शुक्रवार)	संगीत (Music)	गणित (Mathematics)
25.03.2017(शनिवार)	वाणिज्य/गृह विज्ञान (Commerce/Home Science) (9.30 A.M. - 12.45 P.M.) IIT/ITS/HEL/MAE/SEC/RET/BAW/TAT (9.30 AM - 11.45 PM)	अंग्रेजी (English)
27.03.2017(सोमवार)	फारसी/उराँव/कुरमाली/उड़िया/हो/पंचपरगनियाँ/संथाली/खोरठा/नागपुरी/बंगला/मुंडारी/खड़िया/अरबी Persian/Oraon/Kurmali/Oriya/Ho/Panchparagania/Santhali/Khortha/Nagpuri/Bengali/Mundari/Kharia/Arabic	सामाजिक विज्ञान (Social Science)
28.03.2017(मंगलवार)	संस्कृत/उर्दू (Sanskrit / Urdu)	विज्ञान (Science)
29.03.2017(बुधवार)	हिन्दी 'ए' / 'बी' (Hindi 'A'/'B')	

प्रश्न पत्र एवं सादी उत्तरपुस्तिकाएँ दिनांक **18.03.2017 से 21.03.2017** तक जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में सुरक्षित रहेगी। दिनांक **22.03.2017 से 23.03.2017 तक** संबंधित विद्यालय प्रधान सभी विषयों के प्रश्न पत्र एवं सादी उत्तरपुस्तिकाएँ एक साथ उचित पहचान के आधार पर संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त करेंगे। संबंधित विद्यालय के द्वारा ही प्रश्न पत्र एवं सादी उत्तरपुस्तिकाएँ का मूल्यांकन एवं परीक्षाफल प्रकाशन किया जाएगा। विद्यालय प्रधानों को निर्देश दिया जाता है कि प्रत्येक दिन जिस पाली में जिस विषय की परीक्षा होगी उस विषय के प्रश्न पत्र एवं सादी उत्तरपुस्तिका का पैकेट खोलकर परीक्षार्थियों को वितरित करेंगे। शेष विषयों के प्रश्न पत्र एवं सादी उत्तरपुस्तिकाओं को सुरक्षित रखने की सारी जबावदेही विद्यालय प्रधान की होगी। यह परीक्षा एक आंतरिक परीक्षा है जिसका संचालन एवं परीक्षाफल प्रकाशन विद्यालय प्रधान के अधिकार क्षेत्र में है।

परीक्षा में सम्मिलित होनेवाले सभी छात्र/छात्रा की उपस्थिति पत्रक एवं परीक्षाफल विहित प्रपत्र I एवं II में तैयार कर परीक्षा समाप्ति के एक माह के अन्दर सीलबंद मुहर के साथ परिषद् कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। ससमय उपस्थिति पत्रक एवं परीक्षाफल (विहित प्रपत्र I एवं II) जमा नहीं होने की स्थिति में सारी जिम्मेदारी विद्यालय प्रधान की होगी।

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि विभागीय निदेश के आलोक में परीक्षा स्तर की एकरूपता के दृष्टिकोण से उनके जिले के सभी विद्यालय नवम् वर्ग की वार्षिक परीक्षा, 2017 के लिए परिषद् से प्रश्न पत्र एवं सादी उत्तरपुस्तिका की आपूर्ति ले रहे है। यदि कोई विद्यालय प्रश्न पत्र एवं सादी उत्तरपुस्तिका की आपूर्त्ति नहीं ले रहे हैं तो ऐसे विद्यालयों की सूची परिषद् कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। परिषद् द्वारा मुद्रित एवं आपूरित प्रश्न पत्र एवं सादी उत्तरपुस्तिकाएँ ही मान्य होंगे।

नोट:- सभी परीक्षार्थी को प्रश्न-पत्र अध्ययन हेतु 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

विहित प्रपत्र I

सामूहिक उपस्थिति पत्रक

वर्ग – नवम् वर्ष : 2017

विद्यालय का नाम :- ..... जिला :- .....

विद्यालय का कोड :- .....परीक्षा की तिथि :- ..... विषय :- .....

क्र. सं.	वर्ग क्रमांक	छात्र/छात्रा का नाम	उत्तरपुस्तिका की क्र. सं.	छात्र/छात्रा का हस्ताक्षर

वीक्षक का हस्ताक्षर विद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर

विहित प्रपत्र II

नौवीं परीक्षाफल का विषयवार समेकित अंक पत्रक

वर्ष : 2017

विद्यालय का कोड :- ..... विद्यालय का नाम :-..... जिला :- .....

क्र. सं.	वर्ग क्रमांक	पंजीयन संख्या (*)	छात्र/छात्रा का पूरा नाम	भाषा-I		भाषा-II		विज्ञान	सामाजिक विज्ञान	गणित	अतिरिक्त विषय		प्राप्तांक का कुल योग
				विषय	प्राप्तांक	विषय	प्राप्तांक	प्राप्तांक	प्राप्तांक	प्राप्तांक	विषय	प्राप्तांक	

***नोट: पंजीयन संख्या का कॉलम खाली रखें, पंजीयन संख्या प्राप्त होने के उपरान्त भरा जायेगा।**

विद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर

अध्यक्ष के आदेश से,
ह./-
(रजनीकान्त वर्मा)
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।

JAC/मा./5382/10/Secy/59/17 Dt. 28.02.2017
D.O.P- 01.03.2017

12x23